संख्या–600/आठ–1–23–34बैठक/2017टी0सी0

प्रेषक,

नितिन रमेश गोकर्ण,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. **आवास आयुक्त,**
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।

2. **अध्यक्ष,**
समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

3. **उपाध्यक्ष,**
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 **लखनऊ : दिनांकः 19 जून, 2023**

विषयः– वर्ष 2023–24 के पौधरोपण लक्ष्यों का निर्धारण।

महोदय,

प्रदेश की हरियाली एवं बढ़ते प्रदूषण तथा पर्यावरण संतुलन बनाये रखने हेतु प्रदेश सरकार की अपेक्षानुसार उत्तर प्रदेश राज्य वन नीति 2017 के प्रस्तर–2 एवं 4 में हरित आवरण में वृद्धि हेतु जनान्दोलन के माध्यम से वृक्षारोपण को बढ़ावा देना है। राज्य वन नीति में व्यापक स्तर पर जन सामान्य विशेष कर महिलाओं, विद्यार्थियों, कृषकों, दिव्यांगों, दृष्टिबाधित, पूर्व सैनिको, समाज के अल्प आय वाले व्यक्तियों एवं वनों के समीप रहने वाले समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से वानिकी को जन आन्दोलन बनाये जाने का प्राविधान है।

2– पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के शासनादेश संख्या–6/2023/242/81–5–2023 दिनांक 02 जून, 2023 (प्रति संलग्न) द्वारा वर्ष 2023–24 के वृक्षारोपण हेतु गत वर्ष की भांति 35.00 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित करते हुये विभागवार एवं जनपदवार लक्ष्य संसूचित किया गया है। पौधरोपण के सम्पादन के लिए समय सारिणी निर्धारित की गयी है। दिशा–निर्देशों में यह भी अपेक्षा की गयी है कि आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा वृक्षारोपण लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु पौध तैयार करने की कार्यवाही की जाये।

3– वृक्षारोपण हेतु वर्ष 2023–24 में निर्धारित लक्ष्य के दृष्टिगत आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के लिए कुल 7.00 लाख नग पौधे वन महोत्सव माह जुलाई के प्रथम सप्ताह (01 जुलाई, 2023 से 07 जुलाई, 2023 तक) की कार्यावधि में रोपित किये जाने का लक्ष्य मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के पत्र संख्या–437/व0वा0/वृक्षारोपण/2023–24 दिनांक 17.06.2023 द्वारा प्रस्तावित किया गया है। उक्त के दृष्टिगत उल्लिखित कार्यावधि में पौध रोपित किये जाने हेतु अभिकरणवार निम्नवत् लक्ष्य निर्धारित किया जाता है :–

क्र.सं.	**अभिरण का नाम**	**वर्ष 2023–24 में पौधरोपण हेतु लक्ष्य**
1.	आवास विकास परिषद	80000
2.	लखनऊ विकास प्राधिकरण	100000
3.	कानपुर विकास प्राधिकरण	100000
4.	गाजियाबाद विकास प्राधिकरण	130000
5.	आगरा विकास प्राधिकरण	40000
6.	प्रयागराज विकास प्राधिकरण	40000
7.	मेरठ विकास प्राधिकरण	40000
8.	वाराणसी विकास प्राधिकरण	30000

9.	मुरादाबाद विकास प्राधिकरण	20000
10.	बरेली विकास प्राधिकरण	20000
11.	गोरखपुर विकास प्राधिकरण	20000
12.	अयोध्या विकास प्राधिकरण	8000
13.	झांसी विकास प्राधिकरण	35000
14.	सहारनपुर विकास प्राधिकरण	20000
15.	अलीगढ़ विकास प्राधिकरण	15000
16.	बांदा विकास प्राधिकरण	20000
17.	मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण	25000
18.	बुलन्दशहर विकास प्राधिकरण	25000
19.	मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण	15000
20.	हापुड़–पिलखुआ विकास प्राधिकरण	20000
21.	उन्नाव–शुक्लागंज विकास प्राधिकरण	5500
22.	फिरोजाबाद–शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण	8000
23.	रामपुर विकास प्राधिकरण	1000
24.	रायबरेली विकास प्राधिकरण	8000
25.	उरई विकास प्राधिकरण	8000
26.	बागपत–बड़ौत–खेकड़ा विकास प्राधिकरण	10000
27.	खुर्जा विकास प्राधिकरण	8000
28.	आजमगढ़ विकास प्राधिकरण	8000
29.	मिर्जापुर–विन्ध्यांचल विकास प्राधिकरण	1000
30.	बस्ती विकास प्राधिकरण	1000
31.	कुशीनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण	5000
32.	शक्तिनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण	5000
33.	चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण	1000
34.	कपिलवस्तु विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण	1000
योग		**8,73,500**

4– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया वर्ष 2023–24 में वृक्षारोपण हेतु निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु लक्ष्य की कार्ययोजना जिसमें वृक्षारोपण स्थल का विवरण, जी0पी0एस0 लोकेशन (अक्षांश एवं देशान्तर) एवं उसका क्षेत्रफल, स्थलवार रोपित किये गये पौधों का विवरण, पौधों की प्राप्ति के लिये श्रोत (पौधशाला चिन्हांकन), पौधरोपण हेतु तैयार किये गये गढ़ढों की सूचना तथा पौधरोपण के क्रियान्वयन हेतु अभिकरणों के उत्तरदायी कार्मिकों के नाम, मोबाइल नम्बर आदि का विवरण मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक को सीधे उपलब्ध कराते हुये उक्त की प्रति शासन को भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

<u>**संलग्नक–यथोक्त।**</u>

भवदीय,

(नितिन रमेश गोकर्ण)
अपर मुख्य सचिव

Desktop/Gupta Sir/G Sir GO 2021

संख्या– (1)/आठ–1–23–34बैठक/2017टी0सी0 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(1) निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन।

(2) मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित अभिकरणों से समन्वय स्थापित कर निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति की समेकित सूचना शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(3) निदेशक, आवास बन्धु, उ0प्र0, लखनऊ।

(4) प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ0प्र0, लखनऊ।

(5) गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(अरूणेश कुमार द्विवेदी)

संयुक्त सचिव

Desktop/Gupta Sir/G Sir GO 2021

600 | 8/6-1-23

नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश

टी.सी.जी. / 1–ए–वी 5, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ–226010

पत्रांक: 537 / व.वा. / वृक्षारोपण / 2023–24 दिनांक 17 जून, 2023

सेवा में,

उप सचिव,
आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1,
उत्तर प्रदेश शासन।

विषयः– वर्ष 2023–24 में विभागीय वृक्षारोपण लक्ष्य निर्धारित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र 359 / व.वा. / वृक्षारोपण / 2023–24, दिनांक 06.06.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग–5 उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–06 / 2023 / 242 / 81–5–2023, दिनांक 02.06.2023 में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को वर्ष 2023–24 का निर्धारित 5.38 लाख वृक्षारोपण लक्ष्य के सापेक्ष इस कार्यालय द्वारा विभाग के अभिकरणों को 8.73 लाख वृक्षारोपण के स्थान पर त्रुटिवश 7.0 लाख वृक्षारोपण लक्ष्य निर्धारित किया जाना प्रस्तावित किया गया है।

2. अवगत कराना है कि इस कार्यालय द्वारा वर्ष 2023–24 में विभाग के 7.0 लाख वृक्षारोपण लक्ष्य के उक्त प्रस्ताव को निरस्त माना जाये तथा 'वन महोत्सव' (01 जुलाई से 07 जुलाई, 2023 तक) की कार्य अवधि में पिछले वर्ष 2022–23 की भांति विभाग के निम्नलिखित अभिकरणों को वर्ष 2023–24 में 8,73,500 नग पौधे रोपित किये जाने का संशोधित लक्ष्य निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है:–

क.सं.	अभिकरण का नाम	वर्ष 2023–24 का वृक्षारोपण लक्ष्य
1	आवास विकास परिषद	80000
2	लखनऊ विकास प्राधिकरण	100000
3	कानपुर विकास प्राधिकरण	100000
4	गाजियाबाद विकास प्राधिकरण	130000
5	आगरा विकास प्राधिकरण	40000
6	प्रयागराज विकास प्राधिकरण	40000
7	मेरठ विकास प्राधिकरण	40000
8	वाराणसी विकास प्राधिकरण	30000
9	मुरादाबाद विकास प्राधिकरण	20000
10	बेरली विकास प्राधिकरण	20000
11	गोरखपुर विकास प्राधिकरण	20000
12	अयोध्या विकास प्राधिकरण	8000
13	झांसी विकास प्राधिकरण	35000
14	सहारनपुर विकास प्राधिकरण	20000
15	अलीगढ विकास प्राधिकरण	15000
16	बांदा विकास प्राधिकरण	20000
17	मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण	25000

18	बुलन्दशहर विकास प्राधिकरण	25000
19	मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण	15000
20	हापुड़–पिलखुआ विकास प्राधिकरण	20000
21	उन्नाव–शुक्लागंज विकास प्राधिकरण	5500
22	फिरोजाबाद–शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण	8000
23	रामपुर विकास प्राधिकरण	1000
24	रायबरेली विकास प्राधिकरण	8000
25	उरई विकास प्राधिकरण	8000
26	बागपत–बड़ोत–खेकड़ा विकास प्राधिकरण	10000
27	खुर्जा विकास प्राधिकरण	8000
28	आजमगढ विकास प्राधिकरण	8000
29	मिर्जापुर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण	1000
30	बस्ती विकास प्राधिकरण	1000
31	कुशीनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण	5000
32	शक्तिनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण	5000
33	चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण	1000
34	कपिलवस्तु विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण	1000
	कुल योग	8,73,500

3. अतः अनुरोध है कि वर्ष 2023–24 के वृक्षारोपण लक्ष्य की प्राप्ति के सम्बन्ध में विभाग के अभिकरणों से कार्ययोजना जिसमें वृक्षारोपण स्थल का विवरण एवं उसका क्षेत्रफल, पौधों की प्रजाति, पौधों की प्राप्ति का श्रोत (पौधशाला चिन्हांकन), पौध रोपण हेतु तैयार किये गये गढ्ढों की सूचना तथा पौधरोपण के कियान्वयन हेतु अभिकरणों से उत्तरदायी कार्मिकों के नाम, मोबाइल न0 आदि का विवरण उपलब्ध कराने जाने हेतु शासन स्तर से निर्देशित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

ANOOP KUMAR SRIVASTAV

Digitally signed by ANOOP KUMAR SRIVASTAV

(अनूप कुमार श्रीवास्तव)
मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक

75430/ACSH/23

सचिव

5/6/23

महत्वपूर्ण

संख्या-6/2023/242/81-5-2023

प्रेषक,

मनोज सिंह,

अपर मुख्य सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

(नितिन रमेश गोकर्ण)
अपर मुख्य सचिव,
आवास एवं शहरी नियोजन विभाग,
उ0प्र0 शासन।

6470/PS/SH/23
VSCR

(सुन्धुरी प्रसाद)
निजी सचिव,
सचिव
आवास एवं शहरी नियोजन विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।

2- समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।

3- समस्त प्रभागीय वनाधिकारी/प्रभागीय निदेशक, उ0प्र0।

4- समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।

7182/VSC(R)/23
JS

(राकेश कुमार मिश्र)
विशेष सचिव
आवास एवं शहरी नियोजन विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-5   लखनऊ: दिनांक: 02 जून, 2023

विषय:- वर्ष 2023-24 के वृक्षारोपण लक्ष्यों का निर्धारण।

महोदय,

प्रदेश की हरियाली एवं बढ़ते प्रदूषण तथा पर्यावरण सन्तुलन बनाये रखने हेतु प्रदेश सरकार के संकल्प की अपेक्षानुसार उत्तर प्रदेश राज्य वन नीति-2017 के प्रस्तर - 2, 4 में हरित आवरण में वृद्धि हेतु जनान्दोलन के माध्यम से वृक्षारोपण को बढ़ावा देना है। राज्य वन नीति में व्यापक स्तर पर जन सामान्य विशेषकर महिलाओं, विद्यार्थियों, कृषकों, दिव्यांगों, दृष्टिबाधित, पूर्व सैनिकों, समाज के अल्प आय वाले व्यक्तियों एवं वनों के समीप रहने वाले समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से वानिकी को जन आन्दोलन बनाये जाने का प्राविधान है।

भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून द्वारा प्रकाशित अध्यावधिक द्विवर्षीय वन स्थिति रिपोर्ट-2021 के अनुसार प्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 9.23 प्रतिशत क्षेत्र वनावरण एवं वृक्षावरण से आच्छादित है, जिसमें वर्ष 2019 के सापेक्ष वृक्षावरण तथा वनावरण में समेकित रूप से कुल 91 वर्ग0 किमी0 (वनावरण में 12 वर्ग कि०मी० एवं वृक्षावरण में 79 वर्ग कि०मी० क्षेत्रफल वृद्धि) की वृद्धि परिलक्षित हुई है। इस वृद्धि का मुख्य कारण सफल वृक्षारोपण गतिविधियां तथा वन संरक्षण हेतु किये गये प्रयास हैं।

2- वर्ष 2023-24 में भी समस्त विभागों का समावेश करते हुये जन सहभागिता से वर्ष 2022-23 की भांति वृहद स्तर पर 35.00 करोड़ पौधों का रोपण किया जाय।

7.6.23

3- वर्ष 2023-24 हेतु 35.00 करोड़ पौधों के रोपण के निम्नानुसार विभागवार लक्ष्य निर्धारित किये जाते है:-

(पौध संख्या लाख में)

क्र0सं0	विभाग का नाम	2023-24
1	2	3
1	पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग	
	(i) वन एवं वन्यजीव विभाग	1260.00
	(ii) पर्यावरण विभाग	139.96
2	ग्राम्य विकास विभाग	1259.15
3	राजस्व विभाग	105.60
4	पंचायती राज विभाग	127.98
5	आवास विकास विभाग	5.38
6	औद्योगिक विकास विभाग	7.73
7	नगर विकास विभाग	34.97
8	लोक निर्माण विभाग	12.93
9	जल शक्ति विभाग	13.41
10	रेशम विभाग	14.19
11	कृषि विभाग	250.73
12	पशुपालन विभाग	7.26
13	सहकारिता विभाग	5.60
14	उद्योग विभाग- (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग)	9.55
15	ऊर्जा विभाग	5.60
16	शिक्षा विभाग	
	(i)माध्यमिक शिक्षा	7.63
	(ii)बेसिक शिक्षा	12.43
	(iii)प्राविधिक शिक्षा	5.06
	(iv)उच्च शिक्षा	18.54
17	श्रम विभाग	2.69
18	स्वास्थ्य विभाग	10.91
19	परिवहन विभाग	2.53
20	रेल विभाग	12.66
21	रक्षा विभाग	4.95
22	उद्यान विभाग	155.56
23	गृह विभाग	7.00
	कुल:-	3500.00

4- विभागवार एवं जनपदवार लक्ष्यों का निर्धारण-प्रदेश में वर्ष 2023-24 रोपण हेतु विभाग/जनपदवार लक्ष्य परिशिष्ट-1 के रूप में संलग्न है।

5- वन महोत्सव एवं पौधरोपण लक्ष्य की प्राप्ति- प्रत्येक वर्ष की भांति वन महोत्सव माह जुलाई के प्रथम सप्ताह में 01 जुलाई से 07 जुलाई तक मनाया जाय तथा रोपण लक्ष्य की पूर्ति हेतु जिलावार/विभागवार/ग्राम पंचायतवार/शहरी निकायवार इस प्रकार कार्ययोजना तैयार की जाय कि वृक्षारोपण का लक्ष्य वृक्षारोपण हेतु निर्धारित तिथि तक/में शत प्रतिशत प्राप्त हो सके। 6- **वृक्षारोपण लक्ष्य की प्राप्ति हेतु निम्नानुसार रणनीति निर्धारित की जाती है-**

6.1 वृक्षारोपण हेतु स्थल चयन की सामान्य नीति-

(क) पौध रोपण हेतु वन भूमि, सामुदायिक भूमि व अन्य राजकीय भूमि की सीमित उपलब्धता के दृष्टिगत कृषि एवं अन्य निजी भूमि पर भी कृषि वानिकी मॉडल तथा कृषकों की इच्छानुसार सम्बन्धित विभागों द्वारा प्रजाति के पौधों का रोपण कराया जाय।

(ख) जनपदों में गंगा नदी, यमुना नदी एवं गंगा तथा यमुना नदियों की सहायक नदियों के साथ-साथ मुख्य नदियों एवं पोषक जलधाराओं के पुनरोद्धार हेतु उनके किनारे वृक्षारोपण तथा अन्य भूमि संरक्षण कार्य कराया जाय।

(ग) नदियों के पुनरोद्धार हेतु पोषक वेटलैण्ड के किनारे भी वृक्षारोपण कार्य कराया जाय।

(घ) प्रदेश में ग्राम सभा की चारागाह भूमि एवं जनपद में स्थापित गौवंश शेल्टर में उपलब्ध रिक्त भूमि पर चारा प्रजातियों का रोपण प्राथमिकता के आधार पर किया जाय।

(च) जनपद के महत्वपूर्ण शहरों में वायु प्रदूषण को कम करने तथा जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने हेतु सघन वन / मियावाकी पद्धति से मूल वन स्थापित किये जायें।

6.2 ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण की रणनीति:

(क) **ग्राम पंचायतवार माइक्रोप्लानिंग:** प्रदेशव्यापी वृक्षारोपण अभियान की मूल इकाई ग्राम पंचायत निश्चित की गयी है।

- "सबकी योजना तथा सबका विकास" अभियान के अन्तर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर निरूपित किये जाने वाले ग्राम पंचायत विकास योजना (जी0पी0डी0पी0) में प्रस्तावित वृक्षारोपण को सम्मिलित कराया जाये।

- माइक्रोप्लान को पूर्व वर्षों में कराये गये वृक्षारोपण के दृष्टिगत अद्यावधिक कर लिया जाय तथा ग्राम पंचायतवार वर्षवार रोपित पौधों का विवरण ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर वृक्षारोपण पंजिका के रूप में संधारित किया जाय।
- माइक्रोप्लान के अन्तर्गत रोपित पौधों के रख-रखाव यथा- निराई-गुड़ाई, सिंचाई, मृत पौधों के स्थान पर नये पौधों का रोपण आदि तथा सुरक्षा हेतु तार-बाड़/कैटिल प्रूफ ट्रेन्चिंग/ जैविक घेर बाड़ हेतु वित्तीय व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय।
- प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रामीणों की इच्छानुसार माइक्रोप्लानिंग में चिन्हित प्रजातियों के पौधों का पौधशालाओं में उपलब्धता सुनिश्चित की जाय तथा वृक्षारोपण की अग्रिम तैयारी ससमय पूर्ण की जाय।
- वृक्षारोपण कार्य के तकनीकी स्वरूप को देखते हुये सम्बन्धित वन रक्षक को ग्राम पंचायत में माइक्रोप्लानिंग हेतु विशिष्ट आमंत्री के रूप में नामित किया जाय।
- माइक्रोप्लानिंग में महिलाओं को विशेष रूप से आमंत्रित कर उनकी इच्छानुसार भी प्रजातियों को उगाया जाय।
- ग्राम पंचायत को नोडल इकाई मानते हुये मनरेगा गाईडलाइन्स के अन्तर्गत वृक्षारोपण कार्य कराया जाय।

(ख) ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण हेतु तैयार की गई ग्राम पंचायतवार माईक्रोप्लान की वन विभाग से भिन्न विभागों के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु निम्नवत श्रेणियां बनायी गयी हैं-

(i) **श्रेणी 1 - माइक्रोप्लान में चिन्हित ऐसे कृषक / व्यक्ति जिनके द्वारा वृक्षारोपण**

(अ) स्वयं के संसाधन अथवा

(ब) औद्योगिक संस्थाओं के द्वारा उपलब्ध कराये गये संसाधनों से किया जायेगा।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा ऐसे वृक्षारोपण के संबंध में केवल अभिलेखीकरण (Documentation) का कार्य किया जायेगा।

(ii) **श्रेणी 2- माइक्रोप्लान में चिन्हित ऐसे कृषक / व्यक्ति, जिन्हे उनकी इच्छा की प्रजाति के पौधे वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जायेंगे तथा उनका रोपण उनकी भूमि पर ग्राम पंचायत द्वारा कराया जायेगाः** माइकोप्लान में चिन्हित कृषक / व्यक्ति जो मनरेगा योजना के अन्तर्गत मनरेगा अधिनियम की अनुसूची-1 के पैरा-5 के अन्तर्गत उल्लिखित सूची में सम्मिलित है, उनकी इच्छा की प्रजाति के पौधे वन विभाग_द्वारा उपलब्ध कराये जायेगें तथा उनका रोपण उनकी भूमि पर ग्राम पंचायत द्वारा कराया जायेगा। इस श्रेणी के वृक्षारोपण से ग्राम्य विकास विभाग,

पंचायतीराज विभाग, राजस्व विभाग, सहकारिता विभाग तथा श्रम विभाग के लक्ष्य सामान्यतः समायोजित होंगे।

(iii) **श्रेणी 3- माइक्रोप्लान में चिन्हित ग्रामीण क्षेत्रों की सामुदायिक भूमि तथा अन्य राजकीय विभागों की भूमि पर वृक्षारोपण ग्राम पंचायत द्वारा कराया जायेगा तथा पौध वन विभाग द्वारा आपूर्ति की जायेगी:** इस श्रेणी के वृक्षारोपण के सापेक्ष सामान्यतः ऐसे विभाग यथा लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, ऊर्जा विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, गृह विभाग तथा अन्य विभागों, जिनके अपने परिसर हों, उनके द्वारा किये गये वृक्षारोपण से सम्बन्धित विभागों के लक्ष्य समायोजित होंगे।

(iv) **श्रेणी 4- (अ) वन विभाग द्वारा वन भूमि एवं सामुदायिक भूमि पर वृक्षारोपण किया जायेगा:** इस श्रेणी के वृक्षारोपण में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का लक्ष्य समायोजित होगा।

(ब) **उद्यान विभाग एवं रेशम विभाग द्वारा उनके द्वारा चिन्हित भूमि पर वृक्षारोपण किया जायेगा:** इस श्रेणी के वृक्षारोपण में उद्यान विभाग एवं रेशम विभाग के लक्ष्य समायोजित होंगे।

(ग) सभी राष्ट्रीय राजमार्ग / राज्य मार्ग एवं यूपीडा द्वारा निर्मित राजमार्गों के किनारे छायादार वृक्ष लगाये जायें। लोक निर्माण विभाग द्वारा राजमार्गों के निर्माण की परियोजना में वृक्षारोपण का अवयव (component) अनिवार्य रूप से सम्मिलित किया जाय ।

(घ) प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक हेक्टेयर क्षेत्र में ग्राम वन की स्थापना की जाय ।

6.3 शहरी क्षेत्रों में वृक्षारोपण की रणनीतिः

- माइक्रोप्लान को पूर्व वर्षों में कराये गये वृक्षारोपण के दृष्टिगत अद्यावधिक कर लिया जाय तथा शहरी निकायवार वर्षवार रोपित पौधों का विवरण वृक्षारोपण पंजिका के रूप में संधारित किया जाय।
- माइक्रोप्लान के अन्तर्गत रोपित पौधों के रख-रखाव यथा- निराई-गुड़ाई, सिंचाई, मृत पौधों के स्थान पर नये पौधों का रोपण आदि तथा सुरक्षा हेतु सी0पी0टी0/तार-बाड़/ट्री गार्ड हेतु वित्तीय व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय।
- प्रत्येक शहरी निकाय में वृक्षारोपण हेतु माइक्रोप्लानिंग में चिन्हित प्रजातियों के पौधों को पौधशालाओं में उपलब्धता सुनिश्चित की जाय तथा वृक्षारोपण की अग्रिम तैयारी ससमय पूर्ण की जाय।
- शहरी क्षेत्रों में सघन वृक्षारोपण पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। अतः भूमि उपलब्धता के आधार पर सघन वृक्षारोपण किया जाय उदाहरणस्वरूप नंदन वन

(4,400 पौध प्रति हेक्टेयर) तथा मियावाकी पद्धति से रोपण इत्यादि। इस कार्य हेतु वन विभाग का सक्रिय सहयोग लिया जाय।

- माइक्रोप्लानिंग में महिलाओं को भी विशेष रूप से आमंत्रित कर उनकी इच्छानुसार भी प्रजातियों को उगाया जाय।
- शहरी क्षेत्रों में वृक्षारोपण हेतु तैयार की गई नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायतवार माईक्रोप्लान से आवास विकास, नगर विकास, उद्योग, औद्योगिक विकास, रक्षा, रेलवे एवं परिवहन विभाग के लक्ष्य समायोजित होंगे।
- शहरों में वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध भूमि के साथ-साथ सड़कों के किनारे "एक मार्ग-एक प्रजाति" के आधार पर वृक्षारोपण कराने की व्यवस्था की जाय।

7- <u>पौध रोपण की रणनीति:-</u>

वृहद स्तर पर पौधों के रोपण, विभाग/संस्था/व्यक्ति को वांछित प्रजाति के पौधों की ससमय आपूर्ति, वृक्षारोपण कार्य का अनुश्रवण, आदि कार्यों को निम्नानुसार संचालित कराया जाय:-

- विगत वर्षों में रोपण की सफलता का स्तर मानक के अनुरूप सुनिश्चित करने हेतु वन विभाग का शासनादेश सं0-554/चौदह-5-2003-(5)(10)/93, दिनांक 10-07-2003 के अनुरूप अधिकतम 10 प्रतिशत तक पौध लगाकर बीटिंग अप (मृत / कमजोर पौध के स्थान पर नवीन पौध का रोपण) की कार्यवाही सभी सम्बंधित विभागों द्वारा सुनिश्चित की जाय।
- पौधरोपण / वृक्षारोपण कार्यक्रम में सभी स्तर के स्थानीय जन प्रतिनिधियों का सहयोग एवं सहभागिता सुनिश्चित की जाय।
- व्यापक सक्रिय जनसहभागिता तथा समस्त सरकारी / गैर सरकारी संस्थाओं, सिविल सोसाईटी, NCC, NSS, नेहरू युवा केन्द्र, युवक मंगल दल महिला मंगल दल आदि, Rotary/Rotract/Lions Club, सभी व्यापार मण्डल, किसान उत्पादक संगठन (FPO) आदि की प्रतिभागिता के साथ वृक्षारोपण अभियान संचालित किया जाये।
- जनपद का मास्टर प्लान तैयार किया जाय, जिसमें स्थलवार प्रतिभाग करने वाले जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न संस्थाएं / विभाग आदि के विवरण के साथ नर्सरी से वृक्षारोपण स्थल तक पौध ढुलान का विस्तृत विवरण व उक्त से सम्बंधित लॉजिस्टिक का विवरण सम्मिलित हो।

8- **<u>पौधों के रोपण की सूचना वन विभाग द्वारा प्राप्ति / संकलन के सम्बन्ध में प्रक्रिया का निर्धारण-</u>**

वृहद स्तर पर किये जाने वाले पौधारोपण की सूचना के प्रदेश स्तर पर त्वरित, त्रुटि रहित संकलन व प्रदर्शन हेतु आवश्यक है कि वृक्षारोपण स्थल से जिला स्तर पर स्थापित वन विभाग के प्रभागीय नियंत्रण कक्ष (कन्ट्रोल रूम) तक तथा वहाँ से प्रदेश के वन मुख्यालय स्थित कमाण्ड सेन्टर तक निर्बाध रूप से त्रुटि रहित सूचनाएं समय से प्राप्त हो। वन विभाग प्रदेश स्तर पर वृक्षारोपण हेतु नोडल विभाग है अन्य राजकीय विभागों द्वारा जनपद स्तर पर नोडल विभाग / वन विभाग के प्रतिनिधि प्रभागीय वनाधिकारी / प्रभागीय निदेशक के स्तर एवं वन मुख्यालय तक पौध रोपण की सूचना की प्राप्ति हेतु निम्न व्यवस्था निर्धारित की जाती है-

- अन्य विभागों की ग्राम पंचायतवार / नगर निकायवार रोपित की गयी पौध की स्थलवार संकलित सूचना वृक्षारोपण प्रारम्भ होने से समाप्त होने तक खण्ड विकास अधिकारी के द्वारा अपने हस्ताक्षर से जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को प्रतिदिन प्रेषित की जाये।
- जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी द्वारा जनपद की संकलित सूचना तत्काल मुख्य विकास अधिकारी को प्रेषित की जाये।
- मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उक्त सूचना को अपने हस्ताक्षर से जनपद में प्रभागीय वनाधिकारी/प्रभागीय निदेशक के कार्यालय में स्थापित नियंत्रण कक्ष (कन्ट्रोल रूम) को प्रेषित की जाये।
- जनपद के प्रभागीय वनाधिकारी / प्रभागीय निदेशक द्वारा उक्त सूचना वन विभाग के पी०एम०एस० पर तत्काल अपलोड करायी जायेगी, जिससे कि प्रदेश स्तर पर हो रहे पौध रोपण की प्रगति वन मुख्यालय (लखनऊ) स्थित कमाण्ड सेन्टर पर उपलब्ध हो सके।
- प्रभागीय वनाधिकारी/प्रभागीय निदेशक मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से प्राप्त संकलित सूचना संरक्षित रखते हुए जिलाधिकारी को भी अवगत कराते रहेंगे।

9- **<u>पौधों की उपलब्धता के लिए रणनीति-</u>**

प्रदेश में वर्ष 2023-24 में वृक्षारोपण हेतु पर्याप्त संख्या में पौधों की उपलब्धता आवश्यकता होगी तथा प्रजाति विशेष के अनुसार एक वर्ष, दो वर्ष तथा तीन वर्ष के पौध की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी होगी। इस हेतु निम्नानुसार कार्यवाही की जाय :-

(1) निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप वृक्षारोपण के लिए आवश्यक पौधों का उगान नर्सरियों में किया जा रहा है। पर्याप्त संख्या में इनकी उपलब्धता हेतु जिला वृक्षारोपण समिति बैठक करके रणनीति तैयार करेगी।

(2) वन विभाग द्वारा रोपण हेतु उपयुक्त प्रजातियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु पौधाशालाओं (नर्सरी) की आवश्यकतानुसार स्थापना एवं उच्चीकरण कराया जाना वांछित है, जिससे कि वृहद स्तर पर पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

(3) पौध उगान हेतु आधारभूत क्षमता तथा दक्ष मानव संसाधन वाले विभागों यथा उद्यान विभाग, रेशम विभाग, रक्षा विभाग, रेलवे विभाग, नगर विकास विभाग एवं आवास विकास विभाग द्वारा भी वृक्षारोपण लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु पौध तैयार करने की कार्यवाही की जाय। सम्बन्धित विभागों द्वारा तैयार की गई पौधों की सूचना वन विभाग द्वारा विकसित पोर्टल Nursery Management System (N.M.S.) पर अपलोड की जाय।

(4) निजी पौधशालाओं से पौधों का क्रय तभी किया जाय, जब प्रभागीय वनाधिकारी /प्रभागीय निदेशक द्वारा सम्बन्धित कार्यदायी विभाग को यह प्रमाण-पत्र उपलब्ध करा दिया गया हो कि उनके नियंत्रणाधीन विभागीय पौधशालाओं में पौध उपलब्ध नहीं है। यदि निजी पौधशाला से पौध क्रय की जाती है, तो वित्तीय नियमों का पूर्ण पालन किया जाय।

निजी पौधशालाओं में उपलब्ध पौधों का सर्वेक्षण पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा किया जाय एवं जनपदों में उपलब्ध इन पौधों की पौधशालावार एवं प्रजातिवार सूचना संकलित करते हुए जिला वृक्षारोपण समिति को प्रस्तुत की जाय।

(5) पौधशालाओं से पौधों के वितरण हेतु **"डायरेक्ट सैपलिंग ट्रांसफर" (डी0एस0टी0) साफ्टवेयर** के माध्यम से सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी/प्रभागीय निदेशक द्वारा **क्यू0आर0 कोडेड इंडेंट** जारी किये जायें तथा इसी माध्यम से पौधों का वितरण किया जाय।

10- रोपित किये गये पौधों की जीवितता सुनिश्चित करने हेतु रोपण के पश्चात् आगामी 02 वर्षों अथवा पौधों के वृक्ष रूप में स्थापित होने तक सुरक्षा एवं रख-रखाव किया जाय। इस हेतु जिला वृक्षारोपण समिति द्वारा अपनी प्रत्येक मासिक बैठक में विभागवार लक्ष्यों, रोपित पौधों की संख्या व रोपित पौधों की जीवितता का नियमित अनुश्रवण किया जाय।

कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग द्वारा निर्गत शासनादेश सं0-1266/31-2019-65/2014 टी०सी०-1, दिनांक 08-08-2019 के अनुक्रम में जनपद में वन विभाग, अन्य विभाग जिसका सबसे

अधिक लक्ष्य हो तथा अपने विभाग (यदि लक्ष्य आवंटित हो) द्वारा कराये जा रहे वृक्षारोपण की 1 अथवा 2 साइटों का भौतिक सत्यापन करेंगे।

11- <u>वृक्षारोपण हेतु वित्तीय आवश्यकता:</u>

(क) <u>ग्रामीण क्षेत्र:</u>

- श्रेणी 1- कोई वित्तीय व्यवस्था की आवश्यकता नहीं है।
- श्रेणी 2- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग के संयुक्त विचार-विमर्श के उपरान्त मनरेगा श्रम बजट में ग्राम्य विकास विभाग के द्वारा वृक्षारोपण से सम्बन्धित समस्त क्रिया-कलाप यथा अग्रिम मृदा कार्य, पौधरोपण, अनुरक्षण आदि हेतु प्राविधान कराया जाय।
- श्रेणी 3 पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा उद्यान व रेशम विभाग द्वारा अपने वित्तीय संसाधनों से वृक्षारोपण से सम्बन्धित समस्त क्रिया-कलाप यथा अग्रिम मृदा कार्य, पौधरोपण, अनुरक्षण आदि कराया जाय।

(ख) <u>शहरी क्षेत्र:</u>

सम्बन्धित विभागों द्वारा वृक्षारोपण अपने वित्तीय संसाधनों से वृक्षारोपण सम्बन्धित समस्त क्रिया-कलाप यथा अग्रिम मृदा कार्य, पौधरोपण, अनुरक्षण आदि हेतु प्राविधान से कराया जाय।

12- <u>जिला वृक्षारोपण समिति-</u> जनपद स्तर पर प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति गठित हैं, जिसके संयोजक सम्बन्धित जनपद के प्रभागीय वनाधिकारी/प्रभागीय निदेशक हैं तथा सभी कार्यदायी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी इसके सदस्य हैं। वृक्षारोपण की सफलता सुनिश्चित करने हेतु समिति का मुख्य दायित्व समन्वय, नियोजन एवं नियमित अनुश्रवण करना है। जिला वृक्षारोपण समिति जनपद में वृक्षारोपण कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करेगी तथा समय से रणनीति तैयार कर जिले के आवंटित वृक्षारोपण लक्ष्यों को शत-प्रतिशत प्राप्त करेगी। जिला वृक्षारोपण समिति समस्त विभागों के निर्धारित वृक्षारोपण लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु नियमित रूप से समीक्षा बैठक कर वृक्षारोपण से सम्बन्धित तैयारियों एवं प्रगति का अनुश्रवण करेगी।

13- मण्डल स्तर पर मण्डलायुक्तों द्वारा भी वृक्षारोपण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा नियमित रूप से की जायेगी।

14- **वृक्षारोपण लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु समय सारणी-**

आवंटित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निम्न समय-सारिणी के अनुसार समस्त कार्यदायी विभागों को सम्मिलित करते हुए जनपद स्तर पर गठित जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक कराकर आवश्यक कार्यवाही तत्काल प्रारम्भ करते हुए प्रत्येक कार्यदायी विभाग द्वारा आवंटित लक्ष्यों के अनुसार कार्ययोजना तैयार कर ली जाय। कार्ययोजना में वृक्षारोपण स्थल एवं स्थलवार रोपित किये जाने वाले पौधो का विवरण, पौधों की प्राप्ति के लिए स्रोत (पौधशाला चिन्हांकन) तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु उत्तरदायी अधिकारियों/कर्मचारियों के नाम आदि का विवरण स्पष्ट रूप से अंकित किया जाय।

लक्ष्य की प्राप्ति हेतु विभिन्न कार्यों के सम्पादन के लिए निम्नलिखित समय-सारणी निर्धारित की जा रही है -

1	जिला वृक्षारोपण समिति की नियमित बैठक का आयोजन।	आवश्यकतानुसार/सप्ताह में कम से कम एक बार
2	नर्सरी एवं वृक्षारोपण तैयारी की समीक्षा हेतु जनपद स्तर पर कण्ट्रोल रूम की स्थापना।	05 जून
3	माइक्रोप्लानिंग द्वारा वृक्षारोपण स्थलों का चिन्हीकरण, जीओ टैगिंग, रोपित की जाने वाली प्रजातियों एवं उनकी संख्या का निर्धारण।	06 जून तक
4	अग्रिम मृदा कार्य व वृक्षारोपण हेतु मनरेगा से धनराशि प्राप्त करने हेतु डी0आर0डी0ए0 को योजना प्रस्तुत करना।	मनरेगा गाइडलाइन्स के अनुसार
5	डी0आर0डी0ए0 द्वारा अग्रिम मृदा कार्य व वृक्षारोपण परियोजना की स्वीकृति एवं बजट अवमुक्त करना।	मनरेगा गाइडलाइन्स के अनुसार
6	अग्रिम मृदा कार्य (गडढा खुदान एवं सुरक्षा व्यवस्था सहित) (Manual, Augur and JCB Machine)	10 जून
7	सिंचाई हेतु व्यवस्था-बोरिंग आदि।	10 जून
8	स्थलवार वृक्षारोपण एक्शन प्लान का निरूपण।	08 जून
9	गडढा भरान कार्य (कीटनाशक एवं खाद का उपयोग करें)।	20 जून
10	वृक्षारोपण हेतु पौध की व्यवस्था- नर्सरी चिन्हांकन।	08 जून
11	नर्सरियों से वन/अन्य विभाग के वृक्षारोपण क्षेत्र हेतु पौध आपूर्ति प्लान तैयार करना।	08 जून
12	पौध ढुलान हेतु सम्बन्धित विभाग द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना।	12 जून
13	जनपद की स्वयं सेवी संस्थाओं से सम्पर्क कर वृक्षारोपण में अधिकतम जनसहभागिता।	12 जून

14	प्रत्येक जनपद हेतु गणमान्य व्यक्ति यथा मा0 मंत्री/सांसद/विधायक/जन प्रतिनिधि अथवा अन्य गणमान्य व्यक्तियों को वृक्षारोपण कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाना।	20 जून
15	प्रत्येक रोपण स्थल पर Smart phone से latitude and longitude सहित फोटोग्राफी की व्यवस्था करना।	20 जून
16	पौधशालाओं से रोपण स्थल तक पौध का ढुलान	25 जून
17	वृक्षारोपण से सम्बंधित फोटोग्राफस एवं अन्य अभिलेख प्रेषित करना तथा Best Performance with Innovative ideas को इंगित करना।	15 सितम्बर
18	वृक्षारोपण स्थलों का निरीक्षण एवं जीवितता का सत्यापन।	30 सितम्बर

15- **वृक्षारोपण हेतु प्रजातियों का चयन**- प्रजातियों के चयन हेतु प्रदेश के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में मृदा एवं एग्रोक्लाइमेटिक जोन के अनुसार रोपित किये जाने वाली उपयुक्त वृक्ष प्रजातियों का विवरण **परिशिष्ट-2** के रूप में संलग्न है। रोपित की जाने वाली प्रजातियों के सम्बन्ध में यह भी निर्देश दिये जाते हैं कि यथासंभव स्थानीय प्रजातियों (Indigenous species) के रोपण को प्राथमिकता दी जाय। **परिशिष्ट-2** में उल्लिखित प्रजातियों के अतिरिक्त भी यदि मृदा/जलवायु एवं अन्य प्रजातियों के लिए उपयुक्त हो, तो उनका भी रोपण किया जा सकता है। वृक्षारोपण में कम से कम 20 प्रतिशत फलदार पौधों का प्रत्येक दशा में रोपण सुनिश्चित करते हुए पीपल, नीम, इमली, जामुन, अर्जुन, पाकड़, बरगद आदि प्रजातियों के पौधों को प्रमुखता से शामिल किया जाय। पारिस्थितिकीय तंत्र विकास हेतु विभिन्न नयी प्रजातियों यथा चन्दन, कालाशीशम, महगौनी, खजूर, गम्हार आदि के पौधों के रोपण को भी प्रोत्साहित किया जाय।

16- **<u>वृक्षारोपण हेतु अन्तर्विभागीय समन्वय के लिये समीक्षा की प्रक्रिया:</u>** इस हेतु निम्नानुसार कार्यवाही की जायेगी:-

16.1 जिलाधिकारी द्वारा माइक्रोप्लान के आधार पर वृक्षारोपण सम्पन्न कराने हेतु जिला वृक्षारोपण समिति की आवश्यकतानुसार/सप्ताह में कम से कम एक बार बैठक का आयोजन किया जाय।

16.2 मण्डलायुक्त द्वारा माइक्रोप्लान के आधार पर वृक्षारोपण कार्यक्रम के क्रियान्वयन का अनुश्रवण आवश्यकतानुसार/पक्ष में कम से कम एक बार किया जाय।

16.3 अपर मुख्य सचिव (पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग) के नेतृत्व में एक समिति गठित की जायेगी जिसमें समस्त कार्यदायी विभागों के अपर मुख्य सचिव /

प्रमुख सचिव अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि की उपस्थिति में विभागवार प्रगति की समीक्षा की जाय ।

16.4 मुख्य सचिव, उ०प्र० की अध्यक्षता में समस्त जिलाधिकारियों व मण्डलायुक्तों की आयोजित पाक्षिक/साप्ताहिक वीडियो कान्फ्रेंसिग में वृक्षारोपण की विभागवार प्रगति की समीक्षा की जाय।

17- <u>जियो टैगिंग:</u> वृक्षारोपण कार्य की प्रमाणिकता बढ़ाने हेतु शहरी क्षेत्रों के समस्त स्थलों की तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत को इकाई मानते हुये जी०पी०एस० के माध्यम से जियो-टैगिंग की जाय।

18- <u>अनुश्रवण</u>

जिला वृक्षारोपण समिति द्वारा वृक्षारोपण के रख-रखाव पर विशेष बल दिया जाय। इस हेतु जिलाधिकारी अपने मासिक बैठक में विभागवार लक्ष्यों, रोपित पौधों की संख्या व इसकी सफलता का नियमित अनुश्रवण अवश्य करें। रोपित किये जाने वाले वृक्षारोपण की ग्रेडिंग हेतु वृक्षारोपण रिपोर्ट कार्ड विकसित किया जाय तथा इस ग्रेडिंग कार्ड के आधार पर रोपित वृक्षारोपणों की गुणवत्ता का आंकलन करते हुए आवश्यकतानुसार सुधार कार्य सुनिश्चित कराया जाय।

(क) वृक्षारोपण कार्यों के स्थलीय सत्यापन हेतु व्यवस्था निम्न प्रकार होगी:-

(1) <u>पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा संचालित वृक्षारोपण अनुश्रवण पद्धति (Plantation Monitoring System- PMS)</u>

वन एवं वन्य जीव विभाग द्वारा विकसित उक्त साफ्टवेयर के माध्यम से अनुश्रवण हेतु सभी विभागों द्वारा वृक्षारोपण कार्यों की प्रगति प्रतिदिन सक्षम स्तर को उपलब्ध करायी जाय, जिसका अनुश्रवण प्रतिदिन वन एवं वन्य जीव विभाग के कमाण्ड सेन्टर द्वारा किया जाय।

(2) वन एवं वन्य जीव विभाग के विभागीय वृक्षारोपणों का स्थलीय सत्यापन सम्बन्धित वन संरक्षकों द्वारा अन्तर्विभागीय जांच दलों से कराया जाय। विभागीय अनुश्रवण शाखा द्वारा भी प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष के रोपण की सफलता का आंकलन रैण्डम सैम्पलिंग के आधार पर कराया जाय।

(3) अन्य विभागों के विभागीय वृक्षारोपण के कार्यो का स्थलीय सत्यापन जिलाधिकारी द्वारा जिला वृक्षारोपण समिति के माध्यम से अन्तर्विभागीय जांच समितियाँ गठित कर अथवा भिन्न संस्थाओं द्वारा कराया जाय।

(4) सम्बन्धित विभाग जिन्हें वृक्षारोपण लक्ष्य आवंटित किये गये हैं, के द्वारा स्थलवार रोपित पौधों का विकास खण्ड वार विवरण विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी के कार्यालय में रखा जाना सुनिश्चित किया जाये, ताकि सत्यापन हेतु जांच टीम को ससमय उक्त विवरण उपलब्ध हो सके।

(ख) **पौध उगान कार्यों का अनुश्रवण:-**

(1) वन एवं वन्य जीव विभाग द्वारा तैयार किये गये पौधों का अनुश्रवण जोनल/मण्डलीय मुख्य वन संरक्षक तथा वन संरक्षक द्वारा किया जाय तथा प्रगति रिपोर्ट कमान्ड सेन्टर को अनिवार्यतः ससमय उपलब्ध करायी जाये। समस्त पौधशालाओं (विभागीय तथा निजी) की ग्रेडिंग हेतु नर्सरी ग्रेडिंग कार्ड विकसित कराकर पौधशालाओं में उपलब्ध पौधों की गुणवत्ता सुनिश्चित करायी जाय। पौधों की वांछित सूचना के साथ-साथ उक्त ग्रेडिंग को भी NMS पर अंकित कराया जाय।

(2) ग्राम्य विकास विभाग तथा अन्य विभागों द्वारा उगाई जाने वाली पौधों का स्थलीय सत्यापन जिला वृक्षारोपण समिति के माध्यम से जिलाधिकारी द्वारा कराया जायेगा।

(3) वन एवं वन्य जीव विभाग द्वारा विकसित Nursery Management System (NMS) तथा Plantation Management System (PMS) का उपयोग अन्य विभागों द्वारा किये जाने की व्यवस्था की जाय, जिसमें प्रत्येक विभाग को पासवर्ड उपलब्ध कराया जाये तथा इसके उपयोग हेतु स्थानीय स्तर पर उन्हें प्रशिक्षण वन विभाग द्वारा दिया जाय। प्रदेश की निजी पौधशालाओं का पंजीकरण कर उनके पास उपलब्ध रोपण योग्य पौधों को वन एवं वन्य जीव विभाग द्वारा तथा ग्राम्य विकास विभाग, उद्यान विभाग एवं अन्य राजकीय विभागों द्वारा उगाये गये पौधों का विस्तृत विवरण सम्बन्धित विभागों द्वारा वन एवं वन्य जीव विभाग के NMS (Nursery Management System) साफ्टवेयर पर अपलोड किया जाय।

(ग) **पौध वितरण/आपूर्ति व्यवस्था:-** पौधशालाओं से विभिन्न विभागों को पौध वितरण में पारदर्शिता हेतु 'डायरेक्ट सैपलिंग ट्रांसफर' आनलाईन साफ्टवेयर का उपयोग किया जाय। पौधशाला से गन्तव्य स्थल तक पौधों के अभिवहन की पुष्टि हेतु वाहनों की ट्रैकिंग की जाए।

(घ)- **पौध रोपण:-** पौध आपूर्ति के पश्चात् सम्बन्धित ग्राम पंचायत में पौध रोपण की पुष्टि अवश्य कराई जाय।

19- **स्वतन्त्र मूल्यांकन:** वृक्षारोपण कार्यक्रमों का क्रियान्वयन तथा कराये गये कार्यों का अनुश्रवण किसी भी कार्यक्रम की गुणवत्ता व सफलता के मानक का प्रथम स्तर होता है। इस वृक्षारोपण का भी तीसरी व स्वतन्त्र एजेन्सी से अनुश्रवण व मूल्यांकन आवश्यक है।

वर्तमान में भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून सेटलाइट इमेज के माध्यम से वृक्षारोपण व वनावरण के परिवर्तन का द्विवार्षिक रिपोर्ट वर्ष 1987 से निरन्तर प्रकाशित कर रहा है। साथ ही देश में कैम्पा के अंतर्गत कराए गए वृक्षारोपण का ग्रीन ई-वॉच (Green E-Watch) के माध्यम से अनुश्रवण व मूल्यांकन कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जा रही है। अतः इस कार्यक्रम के स्वतंत्र मूल्यांकन हेतु

भारतीय वन सर्वेक्षण संस्थान, देहरादून/विभागीय संस्थाओं के माध्यम से अनुश्रवण व मूल्यांकन कराया जाय।

20- **पंजीकृत किसानों के द्वारा अनिवार्यतः** 10 पौधे लगाये जाय : प्रदेश में कृषि विभाग के अन्तर्गत पंजीकृत लगभग 02 करोड़ किसान कृषि कार्यों में सरकार से अनुदान व सहयोग प्राप्त करते हैं। वृक्षारोपण अभियान में कृषकों को प्राथमिकता के साथ जोड़ा जाय। इन पंजीकृत किसानों द्वारा 10 पौधों का रोपण अनिवार्यतः किया जाय तथा इन पौधों के रोपण के साथ-साथ उनके अनुरक्षण की भी व्यवस्था कृषकों के द्वारा की जाये।

विभिन्न प्रचलित केन्द्रीय व राज्य स्तरीय योजनाओं के लाभार्थियों को भी वृक्षारोपण अभियान में शामिल करते हुए रोपण को प्रोत्साहित किया जाय। शिक्षा विभाग द्वारा बेसिक एवं माध्यमिक स्कूलों के बच्चों को फलदार ग्राफ्टेड पौधे उपलब्ध कराये जायें।

21- **औद्योगिक प्रतिष्ठानों का सामाजिक उत्तरदायित्व (सी०एस०आर०):**

विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों के सहयोग से वृक्षारोपण कार्यक्रम को सहभागी एवं जन उपयोगी बनाया जायेगा। प्रदेश के निवासी जो प्रदेश से बाहर कार्यरत हैं, उन्हें भी आमंत्रण देकर वृक्षारोपण अभियान में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया जाये तथा उनसे प्राप्त वित्तीय सहयोग का उपयोग वृक्षारोपण के विभिन्न क्रिया-कलापों में यथा जागरूकता, ब्रांडिंग, सुरक्षा आदि किया जाय।

इसके अतिरिक्त पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले औद्योगिक संस्थानों द्वारा सी०ई०आर० (Corporate Environmental Responsibility) के अन्तर्गत पारिस्थतिकीय क्षेत्रों के पुर्नस्थापन में वित्त पोषण हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाय।

22- **कार्बन सिक्वेस्ट्रेशन का आकलन:** रोपित किये जाने वाले पौधों द्वारा भविष्य में वातावरण में विद्यमान कार्बन डाईऑक्साइड को कार्बन के अन्य स्वरूपों में दीर्घ काल के लिए संचयित किया जाता है, जो ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने में सहायक होते हैं। इस प्रक्रिया को कार्बन सिक्वेस्ट्रेशन कहा जाता है। रोपित किये जाने वाले पौधों द्वारा भविष्य में किये जाने वाले कार्बन सिक्वेस्ट्रेशन का आकलन भी राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्था के माध्यम से ही कराया जाय।

23- **कृषि वानिकी के अन्तर्गत रोपित किये जाने वाले पौधों को वृक्षारोपण अभियान के रोपण में सम्मलित किया जानाः** प्रदेश में कृषि वानिकी के अन्तर्गत विभिन्न प्रजातियों का वृक्षारोपण प्रचलित है, जिससे प्रकाष्ठ आधारित उद्योग यथा प्लाईवुड (PLYWOOD), विनियर (VENEER) हेतु उत्पाद उपलब्ध होता है। इन उद्योगों के उत्पाद हेतु आस-पास में स्थापित बाजार हैं। बाजार में आपूर्ति तथा कृषकों की आय में वृद्धि के दृष्टिगत कृषकों को अपने स्वयं के निजी खेत, मेड़ आदि पर कृषि वानिकी के अन्तर्गत वृहद स्तर पर पौध रोपण करने हेतु प्रोत्साहित किया जाय।

24- **<u>चारा प्रजातियों का रोपण</u>:** आर्थिक रुप से उपयोगी प्रजातियों तथा विभिन्न एग्रोक्लाइमेटिक जोन में उगने वाले चारा प्रजातियों के रोपण को बढ़ावा देने हेतु ज्ञान-साथी (Knowledge Partner) के रूप में प्रदेश के प्रतिष्ठित संस्थाओं जैसे-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (NBRI) तथा भारतीय चारागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान (IGFRI-Indian Grassland and Fodder Research Institute) आदि को चिन्हित किया गया है। वृक्षारोपण अभियान में चारा प्रजातियों के रोपण द्वारा कृषकों की आय बढ़ाने का प्रयास किया जाय।

वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत पशुओं हेतु चारा के लिये शहतूत, सहजन, देशी बबूल, सीरस, जंगल जलेबी, अगस्त, कचनार, बेर, शीशम व खेजड़ी आदि प्रजातियों के पौधों का रोपण चारागाह व गौवंश आश्रय स्थलों में भी किया जाय।

उपरोक्त के अतिरिक्त मरुस्थलीकरण से होने वाले पर्यावरणीय परिवर्तन के दुष्प्रभाव को कम करने हेतु विभिन्न तकनीकी एवं वैज्ञानिक संस्थाओं से सहयोग प्राप्त कर रणनीति तैयार किया जाय।

25- **सहायतित प्राकृतिक पुर्नजननः** ऐसे अवनत वन, जो जैविक एवं अन्य दबाव के कारण प्राकृतिक रूप से स्थापित नहीं हो पा रहे हैं, उनकी स्थापना में प्रबन्ध कार्ययोजना के अनुसार चिन्हित क्षेत्रों की सुरक्षा तथा वांछित प्रजातियों का रोपण कर प्राकृतिक शस्य के संवर्द्धन का कार्य किया जाना आवश्यक है। उक्त हेतु साल वनों तथा साल वनों के अतिरिक्त अन्य वन क्षेत्रों में किया जाने वाला सहायतित प्राकृतिक पुनर्जनन (ए0एन0आर0) वृक्षारोपण लक्ष्य में शामिल किया जाय तथा इसमें तकनीकी मानक के अनुसार प्रति हेक्टेयर पौधों का आगणन किया जाय।

26- **विरासत वृक्षों का अंगीकरणः** प्रदेश में पौराणिक/ऐतिहासिक अवसरों, महत्वपूर्ण घटनाओं, अति विशिष्ट व्यक्तियों, स्मारकों, धार्मिक परम्पराओं व मान्यताओं से जुड़े हुये वृक्षों को संरक्षित कर जनसामान्य में इनके प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए चिन्हित विरासत वृक्षों के अंगीकरण हेतु माननीय जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया जाय। जनसेवकों का भी इस कार्य हेतु सक्रिय सहयोग प्राप्त किया जाय।

27- **अत्याधुनिक सूचना तकनीक का उपयोगः** वृक्षारोपण के प्रभावी अनुश्रवण, सूचना का आदान-प्रदान, सूचना का संकलन, पौध रोपण, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, वीडियो क्रान्फ्रेंसिंग, ड्रोन, मोबाइल ऐप, पी0एम0एस0, एन0एम0एस0, सोशल मीडिया व अन्य उपयोगी साफ्टवेयर आदि का नियमानुसार क्रय एवं उपयोग इस कार्य में किया जाय, जिससे कार्यों के सम्पादन में अत्याधुनिक सूचना तकनीक का उपयोग सफलतापूर्वक किया जा सके।

